हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 मई 2024

06 वर्षों पुराने जर्जरहाल भवन को नगरपालिका...



07 गर्मी शुरू होते ही बिकने लगी मिलावटी आइसक्रीम...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 3125 | 3565 |
| गेहूं 1544 | 2200 | 3000 |
| चना | 4610 | 6591 |
| मसूर | 4500 | 6160 |
| सोयाबीन | 3301 | 4720 |
| सरसों | 5000 | 5510 |
| धान | 1600 | 3253 |
| तेवड़ा | 5301 | 5377 |
| धनिया | 6000 | 6000 |

## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी देवर्षि नारद जयंती

**विदिशा।** रविवार को देवर्षि नारद जयंती मनाई जाएगी। शरद स्मृति न्यास द्वारा पुरानी नगरपालिका सभागृह में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शरद द्विवेदी रहेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में अटल बिहारी बाजेपयी मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉक्टर मनीष निगम मौजूद रहेंगे।

### मारपीट करने वाले दोषी को सजा

**विदिशा।** न्यायालय शिवांगी श्रीवास्तव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले दोषी को एक साल की सजा सुनाई है। मामला 2018 का है। शाम 5 बजे फरियादी व उसका भाई खेत पर पानी दे रहे थे तभी आरोपी राजेन्द्र सिंह बघेल डंडा लेकर आया और दोनों को गालियां देने लगा इसके बाद डंडे से मारपीट कर दी। जाते जाते जान से मारने की धमकी भी दी। मामला करारिया थाने का है।

### जिला कौशल समिति की बैठक 20 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सोमवार 20 मई को होगी। बैठक लंबित आवेदनों की समीक्षा के बाद शुरू होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा के प्राचार्य ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय आईटीआई में शत प्रतिशत प्रवेश की कार्ययोजना पर चर्चा के अलावा कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा तथा जिले में नवीन व्यवसायों की आवश्कता एवं वर्तमान में संचालित व्यवसायों की उपयोगिता पर चर्चा की जाएगी।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 21 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बेठक मंगलवार 21 मई को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), प्रभारी अधिकारी, कलेक्ट्रेट, तहसीलदार, अति. तहसीलदार नायब तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों को मंगलवार 21 मई की सुबह 10.30 बजे जानकारी के साथ उपस्थित रहने निर्देश दिए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन के मामलों के लिए विशेष समीक्षा बैठक की गई

# बी, सी व डी ग्रेड वाले विभागों के अफसरों को निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सीएम हेल्पलाइन के मामलों की विशेष समीक्षा बैठक ली। जिसमें जिले के ऐसे विभाग जो बी, सी एवं डी ग्रेडिंग सूची में शामिल हैं उन विभागों की लंबित शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारियों से चर्चा की गई।

बैठक में वन विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पशुपालन विभाग, सहकारिता विभाग, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई है। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में बी, सी एवं डी ग्रेडिंग सूची में शामिल विभागों के अधिकारियों को शीघ्र अति शीघ्र लंबित शिकायतों का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि वेटेज के प्रतिशत में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि विभागों के जिलाधिकारी तथा खंड स्तरीय अधिकारी भी ध्यान रखें और सीएम हेल्पलाइन तहत लंबित शिकायतों की सूची बनाकर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने की पहल करें, ताकि राज्य स्तरीय जारी ग्रेडिंग सूची में जिला अच्छे स्थान पर पहुंच सके। कलेक्टर श्री वैद्य ने सभी राजस्व अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वह अपने विभाग की शिकायतों का निराकरण संतुष्टि पूर्वक कराएं। उन्होंने कहा कि संतुष्टि पूर्वक शिकायतों का निराकरण और वेटेज के प्रतिशत में सुधार हो एवं 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण कार्यों में तेजी लाएं तब जाकर विदिशा जिला राज्य स्तरीय जारी ग्रेडिंग सूची में द्वितीय स्थान पर पहुंच सकेगा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व से संबंधित खसरा, खतौनी, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, भू-अभिलेख सहित अन्य सभी कार्यों को गंभीरता से पूरा करें और इनसे संबंधित लंबित शिकायतों का निराकरण करें।



**विदिशा।** बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य व जिला पंचायत सीईओ भरसट।

### शिक्षा और स्वास्थ्य की सबसे अधिक शिकायतें

जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर योगेश भरसट ने सीएम हेल्पलाइन तहत दर्ज शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा के दौरान विभागों के अधिकारियों से कहा कि लंबित शिकायतों का संतुष्टि से निराकरण करें। साथ ही उन्होंने शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित उक्त बैठक में संयुक्त कलेक्टर निकिता तिवारी, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे तथा खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े रहे।

## 2 घरों में चोरी: नकदी व सोने चांदी के जेवर उड़ा ले गए चोर

### डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची, जांच में जुटी



**विदिशा।** सूने घरों को निशाना बनाकर नकदी व सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एक बार फिर चोरों का आतंक देखने को मिला जब चोरों ने दो सूने आवास को निशाना बनाया और नगदी सहित सोने चांदी के जेवर ले गए। सिविल लाइन थाना अंतर्गत उदयनगर कॉलोनी में बीती रात चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दोनों ही परिवार गांव गए हुए थे।

सुबह पड़ोसियों ने घर में चोरी की घटना बताई जब उन्हें चोरी का पता चला और वह घर पहुंचे। चोरी की वारदात की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। चोरों के सुराग ढूंढने के लिए फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी है। बताया गया कि दोनों परिवार बच्चों की छुट्टी होने पर गांव चले गए थे। गजराज सिंह दांगी ने बताया कि उनका पूरा परिवार गांव में था। इसी दौरान रात में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी की है। उनके यहां से नगद और सोने चांदी के जेवर चोर चुरा ले गए।

सिविल लाइन थाना प्रभारी शहवाज खान में बताया कि उदयनगर कॉलोनी में दो घरों में चोरी की घटना हुई है। दांगी परिवार के अलावा सौरभ सक्सेना के घर भी चोरों ने ताले तोड़े हैं। चोर क्या-क्या चोरी करके ले गए हैं इसकी जांच की जा रही है।

## हज जाने वाले यात्रियों का वेक्सिनेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हज कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री रफत वारसी के निर्देश पर विदिशा जिला हज कमेटी के अध्यक्ष डॉ आमिर सरकार द्वारा झूलन पीर मदरसे में ट्रेनिंग एवं वैक्सीनेशन किया गया। हाजियों को हज गाइड वितरित की। गई जिसमें विदिशा, ग्यारसपुर के हाजी शामिल हुए।

वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष अय्यूब कुरेशी द्वारा हज पर जा रहे सभी को हाजियों को बधाई दी। साथ ही डा. आमिर सरकार द्वारा हाजियों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। हज कमेटी द्वारा 15 मई को सिरोंज, लटेरी, कुरवाई, गंजबासोदा, शमशाबाद, नटेरन के हाजियों की ट्रेनिंग वा वैक्सीनेशन किया जा चुका है। 18 मई को विदिशा और ग्यारसपुर के हाजियों का वैक्सीनेशन कैंप आयोजन किया गया। इस मौके पर इदरीस भाई ,नवाब भाई ने अतिथियों का स्वागत किया। इस भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के सिरोंज मंडल अध्यक्ष मुनीम गोरी, वक्फ बोर्ड जिला सचिव आमीन मंसूरी पार्षद अनीस चाचू लटेरी , शफीक खान, घनश्याम पंथी गिरीश सेन आदि मौजूद रहे। जिला महामंत्री नसीम अहमद, तहसील अध्यक्ष रहमान राईन, टीम द्वारा द्वारा हज कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ आमिर सरकार वा वक्फ बोर्ड जिलाध्यक्ष अय्यूब कुरैशी का स्वागत किया गया।



### निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** लटेरी तहसील के उनारसी कला थाना क्षेत्र में रहने वाले राजेंद्र सिंह यादव ने परिजनों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर लिखित शिकायत की। जिसमें उन्होंने बताया कि 12 मई को उनके दो भाइयों के साथ गांव के ही कुछ दबंगों ने धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके पहले उन्होंने हमारे अधिकार क्षेत्र में लगे पेड़ों को काटा। हमने पुलिस में शिकायत की थी लेकिन पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। जिसके चलते 12 तारीख को आरोपियों ने आकर दोनों भाइयों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें लटेरी अस्पताल से जिला अस्पताल और फिर भोपाल रेफर कर दिया गया। इस बीच पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर हमारे खिलाफ झूठी 307 की शिकायत दर्ज कर ली। इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसपी कार्यालय में शिकायत लेकर आए।

## बेतवा में मिला महिला का शव, शिनाख्त नहीं हो पाई, पुल से गिरने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार को बेतवा नदी के चरणतीर्थ घाट पर एक महिला का शव नदी में मिला है। नदी पर नहाने गए लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

इसके बाद होमगार्ड और पुलिस कर्मियों की मदद से महिला का शव नदी से निकाला गया। महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाली थाने के एएसआई मनोहर सिंह ने बताया कि महिला की उम्र करीब 65 वर्ष के आसपास है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है और न ही थाना क्षेत्र में इस उम्र की किसी महिला की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज हुई है। आशंका जताई जा रही है कि शुक्रवार रात को महिला नदी के पुल पर से गिर गई होगी, रात भर नदी में पड़े होने के कारण उसका शव फूल कर पानी में तैरने लगा। पुलिस ने मर्ग कायम करके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



**विदिशा।** पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

### सामुदायिक भवन में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने समर कैम्प का शुभारंभ किया

# बच्चों को 4 सप्ताह कैंप के माध्यम से प्रशिक्षित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सामुदायिक भवन में 18 मई से 15 तक के लिए समर कैंप शुरू किया गया है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने समर कैंप का शुभारंभ किया।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया कि इस कैंप का शुभारंभ पुलिस विभाग के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। बच्चों के लिए खेल-कूद, ताईक्वांडों, कबड्डी, पेंटिंग, एथेलेटिक्स, कराते, मेहंदी, डांस और हैंडक्राफ्ट शामिल हैं। जिन बच्चों की जिस खेल में रुचि है वह बच्चे उस गतिविधि में हिस्सादारी ले सकते हैं। इस कैम्प में खेल विभाग का भी टायअप रहेगा। जिसके अंतर्गत खेल विभाग और पुलिस विभाग से चयनित प्रशिक्षक इन बच्चों को 4 सप्ताह तक इस कैंप के माध्यम से प्रशिक्षित करेंगे। इस कैंप के माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जिन बच्चों का जिस भी एक्टिविटी में रुझान होगा वह उसमें बेहतर करेंगे और भविष्य में अपना और अपने प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में डॉ. प्रशांत चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनूप सिंह नैन उप पुलिस अधीक्षक अजाक, ज्योति शर्मा उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा, भूर सिंह चौहान रक्षित निरीक्षक, उर्मिला यादव महिला थाना प्रभारी, निरपत सिंह लोधी थाना प्रभारी यातायात, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी व उनके बच्चे उपस्थित रहे।



### 20 मिनट गिरा पानी तेज हवा के साथ बारिश

**विदिशा।** शनिवार शाम को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से तेज धूप के बाद शाम को बादल छाए और कुछ देर बाद बरस पड़े। करीब 20 मिनट तक बारिश होती रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। ग्राम खिरिया हरिपुरा में श्रीमद् भागवत कथा चल रही थी। अचानक बारिश होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि कुछ देर बारिश के बाद मौसम खुल गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन बादल छाए रहने और बूंदाबांदी की संभावना जताई है। बारिश को देखते हुए नपा ने भी वार्डों की नालियों की सफाई शुरू करा दी है।

## कूलर में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेस दरवाजा निवासी जहीर खान के घर में दोपहर के समय अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। घर से धुआं निकलने लगा। आग लगने की जानकारी मिलते ही अफरा तफरी मच गई । लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग में घर का सामान जल गया। पास में रहने वाले इमरान ने बताया कि जहीर भाई के घर पर कूलर में शॉर्ट सर्किट हुआ था जिससे कूलर में आग लगी और आग तेजी से फैल गई। आग की चपेट में आने से घर में रखा सामान जल गया। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही जहीर के लड़के की शादी हुई थी घर में दहेज का सामान रखा हुआ था जो आगजनी में जल गया।



### पीएम जनमन अभियान के कार्यों की समीक्षा की गई

# आयुषमान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने पीएम जनमन अभियान के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पीएम जनमन अभियान तहत जिले में क्रियान्वित कार्यों की बिंदुवार समीक्षात्मक बैठक में निर्देश दिए हैं कि अभियान तहत क्रियान्वित कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाए जाने की दिशा में कार्य करें।

कलेक्टर वैद्य ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने संबंधित विभागों के अधिकारियों से संवाद कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के संबंध में उनके द्वारा क्रॉस मॉनिटरिंग की। इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर जिले में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यों में उपलब्धि कैसे हासिल करें के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया है। कलेक्टर श्री वैद्य ने पीएम जनमन अभियान तहत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की साप्ताहिक जानकारी की प्रगति की समीक्षा की है। उन्होंने खंड स्तरीय अधिकारियों से भी संवाद कर लक्ष्य पूर्ति हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यों में प्रतिदिन की रिपोर्ट गूगल शीट में दर्ज करें इसके अलावा उन्होंने आधार कार्ड बनाए जाने के कार्यों की भी गहन समीक्षा की है। जिले में पीव्हीटीजी तहत 45 हजार से अधिक आधार कार्ड बनाए गए हैं के अलावा शेष रह गए आधार कार्ड बनाने हेतु उन्होंने ग्राम स्तर व ग्रामों के हाट बाजारों में आधार कार्ड बनाए जाने के लिए विशेष कैंप लगवाएं जाएं के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जनपदों के सीईओ द्वारा पीपीटी में जो जानकारी दर्ज की जा रही है वही जानकारी गूगल शीट में भी दर्ज कराएं साथ ही ई-केवाईसी के कार्यों में तेजी से कार्य करें ताकि आयुष्मान कार्ड बनाए जाने में किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना आने पाएं। उन्होंने उक्त कार्य पांच दिवस अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।





**विदिशा।** पीएम जनमन अभियान के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर।

## ब्राइटर माइंड के बच्चों ने हैरतअंगेज तरीके से आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ दीं किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हार्टफुलनेस सेंटर में चल रहे योग एवं ध्यान शिविर के पांचवे दिन ब्रह्मकुमारी आश्रम से कुमारी सपना दीदी, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक राजेश बागड़े ने शिविर की शुरूआत की।

सत्र के अंत में रिलैक्सेशन नेतराम किरार एवं प्रशिक्षक डा सोनिया राजपूत ने हार्टफुलनेस मेडिटेशन का अभ्यास कराया । योग एवं ध्यान के सत्र के बाद ब्राइटर माइंड्स के बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं का आश्चर्य चकित कर देने वाला प्रदर्शन किया। जिसमें आंखों पर पट्टी बांधकर किताब पढ़ना, विभिन्न प्रकार के कार्ड का साइज और रंग बताना और छूकर एवं सूंघकर पजल्स हल करने जैसे अभ्यास शामिल रहे। ब्राइटर माइंड प्रशिक्षकों ने बताया कि 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों को प्रति सत्र 8 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण हर रविवार को दिया जाता है। इस प्रशिक्षण से बच्चों के दिमाग का विशेष प्रकार से विकास होता है व दिमाग की कार्यक्षमता आश्चर्यजनक रूप से बढ़ती है। इस प्रशिक्षण से उनका फोकस, तल्लीनता, समझ, इंटेलिजेंस बढ़ती है तथा वे इन्द्रियतीत कार्य थोड़े अभ्यास के पश्चात आसानी से कर पाते हैं। हार्टफुलनेस सेंटर में मई के अंतिम रविवार से बच्चों हेतु ब्राइटर माइंड्स का कोर्स आरंभ किया जा रहा है।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4000
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-3450
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2300
उच्चतम भाव- 2371
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 6553
मसूर
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-6590
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4840
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6000
सरसों
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5800
उड़द
न्यूनतम भाव-7800
उच्चतम भाव-7800
धान
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-2800
बटरी
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-2500
अलसी
न्यूनतम भाव-5350
उच्चतम भाव-5431

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 17480 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## क्लब पार्क में बने क्षतिग्रस्त भवन को जेसीबी मशीन से किया नष्ट

# वर्षों पुराने जर्जरहाल भवन को नगरपालिका ने कराया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा क्लब पार्क में बने वर्षों पुराने जर्जर भवन को दो जेसीबी मशीन की मदद से ढहा दिया गया। अगर इस खस्ताहाल भवन को समय पर ना गिराया जाता तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। इस मौके पर नायब तहसीलदार अताउल्लाह खान, सीएमओ जयंत वर्मा, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव के अलावा पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में नपाकर्मी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि राधाकिशन चंपालाल ट्रस्ट द्वारा नपा की भूमि पर बरसों पहले एक भवन बनवाया गया था। जिसका उपयोग स्कूल, वाचनालय, हैल्थ क्लब के रूप में किया जाता रहा। यह भवन काफी पुराना और जर्जर होने पर नपा ने इसे तोडने का निर्णय लिया, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इस जगह को निजी भूमि बताकर समिति के माध्यम से न्यायालय में स्टेआर्डर के जरिए व्यवधान उत्पन्न किया जा रहा था। न्यायालय ने समिति के स्टेआर्डर को खारिज कर दिया और नगर पालिका परिषद द्वारा समिति को 48 घंटे के भीतर अपना कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को सामान खाली होते ही नपा प्रशासन दो जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचा और घंटों मशक्कत के बाद जर्जर भवन को धराशाही करवा दिया गया। अब विकास का रास्ता साफ हो चुका है और इस स्थान पर पानी की टंकी के निर्माण कार्य को हरी झंडी दे दी जाएगी। साथ ही अब क्लब पार्क का व्यवस्थित विकास एवं सौंदर्यीकरण भी किया जा सकेगा।

उधर गांधी चौक में बने पुराने जर्जर नगर पालिका भवन को गिराने के लिए भी न्यायालय से अनुमति मिल गई है। अब जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई की जाएगी। इस जगह पर शॉपिंग कांप्लेक्स और मंगल भवन का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसके लिए नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव , सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के अलावा पार्षदगण मौके पर जाकर कार्य योजना बना चुके हैं। इस क्षेत्र के विकास और व्यवसाय के लिए यह कदम कारगर साबित होगा।









# नगरपालिका नगर में करा रही टैंकरों से पेयजल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गर्मी के मौसम में नगर के अनेक वार्डों में जल संकट की स्थिति को देखते हुए नगरपालिका द्वारा टैंकरों के माध्यम से जल सप्लाई शुरू की गई है। जिनमें प्रमुख रूप से वार्ड क्रमांक 1 रामनगर कालोनी के जिन घरों में नल जल योजना के कनेक्शन नहीं है, वह परिवार पानी के लिए हैंडपंप और निजी साधनों पर निर्भर हैं। ऐसे परिवारों के लिए गर्मी में पानी उपलब्ध कराने के लिए टैंकर सेवा प्रारंभ की गई है। नगर पालिका जल विभाग के अनुसार जिन क्षेत्रों में नल जल योजना की पाइप लाइन नहीं है। वहां रहने वाले नागरिक अपने जेट पंप व हैंडपंप के माध्यम से जल की व्यवस्था करते हैं। जबकि जमीनी जल स्तर गर्मी के दौरान नीचे चले जाने से हैंडपंप और जेट पंप ने भी पानी देना बंद कर दिया है। अब इन लोगों को पेयजल संकट से निवारण के लिए टैंकर के माध्यम से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। आगामी समय में इन क्षेत्रों में भी पाइप लाइन डाली जाएगी।

# किसान ने गल्ला व्यापारी को 42 हजार रुपए वापस लौटाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एक किसान को गल्ला व्यापारी द्वारा हिसाब से अधिक राशि का भुगतान कर दिया गया। जिसके बाद किसान अधिक भुगतान की राशि लेकर फर्म पर लौटाने वापस आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान राजकुमार यादव निवासी ग्राम सूजा बरखेड़ा पठारी कृषि उपज मण्डी में मसूर की जिंस का विक्रय करने आया था। जहां उसे जिंस विक्रय से अधिक राशि का भुगतान गलती से व्यापारी द्वारा कर दिया गया। जब किसान ने रुपए गिने तो देखा की प्रदीप ट्रेडिंग कंपनी के संचालक गल्ला व्यापारी द्वारा उसको 42 हजार रुपए अधिक का भुगतान कर दिया गया है। जिसके बाद किसान ने पुनः कृषि उपज मण्डी में प्रदीप ट्रेडिंग कंपनी पर पहुंचकर 42 हजार रुपए की रकम गल्ला व्यापारी को वापस की। किसान की ईमानदारी की सराहना करते हुए गल्ला व्यापारी और अन्य कर्मचारियों ने प्रशंसा करते हुए फूल मालाओं से किसान राजकुमार यादव का सम्मान किया।

## खबर संक्षेप

### बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शनिवार को सिरोंज चौराहा, रजोदा रोड, ईदगाह रोड, देहात थाना, उपजेल रोड, पठारपुरा क्षेत्र में मैंटेनेंश कार्य के चलते सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली प्रदाय बंद रहा। जिससे नागरिकों को भीषण गर्मी में बगैर कूलर, पंखा के गर्मी में समय निकालना पड़ा।

### मंदिर में चोरी को लेकर दिया ज्ञापन

गंजबासौदा। तहसील परिसर के सामने स्थित सिद्धेश्वर माता मंदिर से अज्ञात चोर सामान सहित नगदी चुरा ले गए। जिसको लेकर समिति सदस्यों द्वारा एक ज्ञापन एसडीएम विजय राय को देकर सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर की दीवार उठाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि चोरों ने दान किए हुए सामान के अलावा भगवान को पहनने वाले वस्त्र, गेहूं, आटा, चावल सहित करीब 10 हजार नगद चुरा लिए हैं। पूर्व में भी कई बार मंदिर की सामग्री चोरी हो चुकी है। मंदिर के आसपास असामाजिक तत्व बैठे रहते हैं। इसलिए मंदिर परिसर को दीवार बनाकर सुरक्षित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में राकेश दुबे, कमल सिंह, रमेश, विशाल वैष्णव आदि नागरिकगण शामिल हैं।

# पुलिस ने हत्या के आरोपियों को 24 घंटे में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस द्वारा मारपीट एवं हत्या के अपराध के सभी आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। देहात थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 15 मई को ग्राम किरवाया में पूर्व रंजिश पर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिस पर फरियादी नीलेश केवट निवासी किरवाया के द्वारा अपने साथ एवं मॉ बिरजा बाई एवं पिता राजाराम केवट के साथ डण्डे एवं चाकू से मारपीट करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर धारा 302, 307, 294, 323, 324, 506, 34 भादंवि 25 आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसमें राजाराम केवट उम्र 60 साल निवासी ग्राम किरवाया को सिर में चोट होने से रेफर किया गया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। इस मौत के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई कर आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। आरोपियों में विकाश सेन उम्र 20 साल, सुनील सेन उम्र 45 साल, एक महिला और एक विधि विवादित बालक निवासी किरवाया शामिल हैं। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक खटकेदार चाकू एवं तीन डण्डे जब्त किए गए। उक्त कार्रवाई में टीआई हरिकिशन लोहिया, गौरव बाजपेई, केएल त्रिपाठी, लक्ष्मण सिहं रघुवंशी, वीरेन्द्र लोधी, प्रयागराज गुर्जर, शिशुपाल दांगी, प्रमेन्द्र नामदेव, रक्षा समिति सदस्य आदित्य शर्मा की विशेष भूमिका रही।



### ऑटो चालकों की मनमानी बनी वाहन चालकों की परेशानी

गंजबासौदा। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर मुख्य प्रवेश द्वारा के आसपास ही ऑटो रिक्शा चालक मनमाने ढंग से अपने वाहन लगाकर खड़े रहते हैं। ऐसे में ट्रेन के आने जाने पर यात्रियों सहित अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पडती है। जीआरपी, आरपीएफ की कार्रवाई के बाद भी ऑटो चालकों की मनमानी नहीं रूक रही है। जिससे परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

### त्योंदा पुलिस ने जुआरियों को पकड़ा

त्योंदा। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जुआ, सट्टा, शराब के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी के द्वारा टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा ग्राम हामिदपुर में संचालित जुए पर रात्रि में लगभग 2 बजे कार्रवाई करते हुए 4 जुआरी संदीप लोधी निवासी हामिदपुर, बलराम अहिरवार निवासी सुमेर दांगी, भाई साहब लोधी निवासी डेकरी थाना राहतगढ,, माखन लोधी निवासी ग्राम डेकरी थाना राहतगढ को पकडा एवं जुआरियों से 15500 रूपये नगद जब्त कर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई में विशेष भूमिका थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, रघुपति यादव, तरूण वेदी, सुमेर, शशांक, प्रवेश, राहुल, सुभाष की रही।

### डॉ. गीता जैन का योग एवं अध्यात्म शिविर आज से

गंजबासौदा। स्वयं स्वस्थ बनो अभियान के तत्वावधान में मुंबई की डॉ. गीता जैन का बहुप्रतीक्षित योग एवं अध्यात्म विकास शिविर 19 मई से मानस भवन में आयोजित होने जा रहा है। शिविर में शामिल होने के लिए सौ से अधिक लोग अपना पंजीयन करवा चुके हैं। पंजीयन की प्रक्रिया चालू है। ज्ञात हो कि डॉ. गीता जैन दीदी मध्यप्रदेश सहित सम्पूर्ण भारत में योग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट एवं पैरेंटिंग फ़ॉर पीस के माध्यम से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ नागरिकों का निर्माण कर स्वास्थ्य लाभ एवं अध्यात्म विकास शिविरों का आयोजन करती हैं। इनके द्वारा पूर्व के वर्षो में भी नगर में शिविर लगाए गए हैं,जिनसे कई साधकों को लाभ हुआ है इसी क्रम में स्थानीय मानस भवन में 19 से 28 मई तक प्रातः 6 बजे से उक्त शिविर आयोजित होगा। शिविर में शामिल होने के लिए पंजीयन भी आरंभ हो चुके हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए प्रदीप जैन कक्का की दुकान, प्रणय जैन संजय मशीनरी त्योंदा रोड, दिगपाल रघुवंशी अरिहंत नगर, शुभ स्टील्स बरेठ रोड, वीरेंद्र शर्मा पटवारी कालाबाग, सुनीता भावसार एवं परवेज फजलानी कालाबाग से संपर्क कर सकते हैं।

# भारतीय किसान संघ ने की धर्मकांटे से तौल की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय किसान संघ ने मंडी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मंडी में किसानों की उपज की धर्मकांटे से तौल कराने की मांग की है। जिससे आए दिन होने वाले विवादों से बचा जा सके। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक फर्म पर किसान की उपज की तौल को लेकर विवाद हो गया था। जिसके बाद किसान ने मंडी प्रशासन को शिकायत की थी और इस मामले में भारतीय किसान संघ ने भी अपनी ओर से आवेदन प्रस्तुत किया था। इस मामले को लेकर और पिछले कई अन्य मामलों को ध्यान में रखते हुए भारतीय किसान संघ के नारायण सिंह रघुवंशी, महेन्द्र सिंह रघुवंशी एवं अन्य सदस्यों और किसानों ने मंडी प्रशासन से धर्मकांटे से तौल शुरू कराने की मांग की है। ताकि मंडी में उपज तौल कराने पर तौल में गडबडी, दाने देने, बोरों की गिनती करने आदि को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित न हो। यहां उल्लेखनीय है कि करीब तीन साल पहले ही प्रशासन द्वारा मंडियों में धर्मकांटे से तौल कराने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिस पर अन्य मंडियों में तो धर्मकांटे से तौल होने लगी है, लेकिन स्थानीय मंडी में बार बार आवेदन निवेदन के बाद भी अभी तक धर्मकांटों से तौल की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकी है। जिससे किसानों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसके अलावा नवीन मंडी परिसर काफी बडा है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में ट्रैक्टर ट्रालियों से बडी संख्या में किसान उपज लेकर आ रहे हैं। ऐसे में परिसर में मात्र तीन प्याऊ होने से भीषण गर्मी में किसानों को पेयजल के लिए काफी परेशान होना पडता है। किसानों ने मंडी प्रशासन से पेयजल व्यवस्था भी कराने की मांग की है।



## इंस्पायर अवार्ड योजना की विजेता है रुपाली लोधी

# नवांकुर की बाल वैज्ञानिक जापान रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यापीठ की बाल वैज्ञानिक, इंस्पायर अवार्ड योजना की विजेता रूपाली लोधी जापान की यात्रा पर रवाना हो गई। रूपाली के साथ विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक और उसके मार्गदर्शक अविनाश डोंगरे, सहयोगी विवेक शर्मा तथा उनके पिता भगवान सिंह लोधी और माता रमादेवी भी भोपाल के लिए रवाना हुए। भोपाल से यह सभी रात्रि 9:15 पर इंडिगो फ्लाइट से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। रूपाली की माता-पिता की दिल्ली तक यात्रा का प्रबंध भी नवांकुर विद्यापीठ द्वारा किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि विद्यालय की बाल वैज्ञानिक रूपाली लोधी ने इंस्पायर अवार्ड योजना में राष्ट्रीय स्तर पर ओनियन फ्लावर कटर विद् पेस्टिसाइड स्प्रिंकलर मॉडल प्रस्तुत किया था और 60 विद्यार्थियो के साथ विजेता होने का गौरव हासिल किया था। उन 60 विजेता वैज्ञानिकों में से 25 वैज्ञानिकों का चयन जापान की यात्रा के लिए किया गया। इनमें से मध्य प्रदेश से कुल 4 मॉडल्स का चयन किया गया। जिसमें विदिशा जिले से रूपाली लोधी एकमात्र विजेता थी। विद्यालय परिवार ने रूपाली व उनके अभिभावकगण को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नेत्र शिविर में हुई 122 मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को मील रोड स्थित विजन सेंटर के माध्यम से निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. गोलू सेन कैंप इंचार्ज नीरज दांगी 122 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताए और उनसे अनुरोध किया कि वे प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं। ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों का सामना न करना पड़े। उक्त शिविर तनुज एलिया की स्मृति मे ग्राम करोंदा खुर्द में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने स्वर्गीय तनुज एलिया के फोटो पर माला पहनाकर, द्वीप जलाकर नेत्र शिविर का शुभारम्भ किया। डॉ. गोलू सेन, सरपंच सुनीता एलिया ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 51263 से अधिक ऑपरेशन किए हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता रामकुमारी, द्रोपदी बाई, आशा कार्यकर्ता सुशीला बाई, सचिव नेतराम अहिरवार, गणेशराम रघुवंशी, कल्लू प्रजापति, नवांकुर जन अभियान परिषद के रामचरण कुशवाह मौजूद थे। शिविर में 19 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए, 69 लोगों को दवाई वितरित की, 13 लोगों को चश्मा वितरण किया गया, 21 लोगों को चश्मा के नंबर निकाले गए।

# 'नाथ समाज हिंदू धर्म का अभिन्न अंग'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीश्री 1008 भगवान रामदेव मंदिर में चल रही गुरु गोरखनाथ की संगीतमय में कथा को संबोधित करते हुए पं. हरिनाराण पाठक ने कहा कि अमरनाथ, केदारनाथ, बद्रीनाथ आदि तीर्थ स्थानों के नाम सुने होंगे। आपने भोलेनाथ, भैरवनाथ आदि के नाम भी सुने ही होंगे। गोगादेव भी नाथ योगी की परंपरा से थे। तिब्बत के सिद्ध भी नाथ परंपरा से ही थे। नाथों की परंपरा से 84 नाथ हुए नौ नाथों के संबंध में विधानों में मतभेद है सभी नाथ साधुओं का मुख्य स्थान हिमालय की गुफा में है। नागा बाबा, नाथ बाबा और सभी कमंडल चिमटा धारण किए हुए जटाधारी बाबा शैब और शाक संप्रदाय के अनुयायी हैं। जिन्होंने अनेकों ग्रंथों की रचना भी की। उनका मंदिर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर नगर में स्थित है। गोरखनाथ के शिष्य का नाम भैरबनाथ था। जिनका उद्धार माता वैष्णो देवी ने किया था। पुराणों के अनुसार गुरु गोरखनाथ शिव के अवतार हैं।

गर्मी में बच्चों को लुभा रही आइसक्रीम,अपनी पसंदीदा आइसक्रीम खाने के लिए भीषण गर्मी को भी नजर

# गर्मी शुरू होते ही बिकने लगी मिलावटी आइसक्रीम और रंगीन बर्फ के गोले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

गर्मियों में आइसक्रीम, बर्फ के गोले व प्लास्टिक पैक बर्फ बच्चों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। गर्मी शुरू होते ही नगर के चौक-चौराहों के साथ गांव गांव स्वादिष्ट बर्फ के गोले बिकने लगते हैं। बर्फ के गोले में मिलाए जाने वाला रंग अधिक नुकसान पहुंचाते है। ठंडी-ठंडी और रंग-बिरंगी बर्फ और मिलावटी आइसक्रीम खाने में तो स्वादिष्ट तो लगती है, लेकिन सेहत पर इसका विपरीत असर पड़ता है। बर्फ में मिला रंग और सेक्रीन सेहत के लिए काफी नुकसानदायक होती हैं। नगर में इन दिनों मिलावटी खाद्य सामग्री जगह जगह बिक रही है। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा अब तक किसी मिलावटी आइसक्रीम, बर्फ के गोले व प्लास्टिक पैक बर्फ की जांच नहीं की है। सिरोंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गन्ने का रस, आइसक्रीम और बर्फ की दुकानों में दिनभर बच्चों और बड़ों की भीड नजर आती है। बच्चें तपती धूप में बर्फ, जूस और आइसक्रीम खाते नजर आते हैं। इन दुकानों में बिकने वाले खाद्य सामाग्री की शुद्घता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। इस संबंध में बीएमओ डॉ विकास बघेल का कहना है कि बर्फ के गोले में मिलाया जाने वाला रंगीन शरबत लीवर के लिए घातक होता है। उन्होंने बताया कि खुले में बिकने वाले शीतलपेय सेहत के लिए खतरनाक हो सकते हैं। बहुत अधिक बर्फ के उपयोग से गले में इंफेक्शन होने के साथ आइसक्रीम में मिलावट हो तो पेट में दर्द होने लगता है।



### गर्मी में बच्चों को लुभा रही आइसक्रीम

इंद्रधनुषी रंग हो या अपनी पसंद की आइसक्रीम शहर में कई जगहों में बर्फ के गोले व आसक्रीम बिक रही हैं। जो बच्चों को ज्यादा पसंद हैं। फुर्सत के पलों में लोग मैंगो,रोज,कोला, लीची, लेमन के फ्लेवर में गोला खा रहे हैं। तपती धूप के बाद अगर ठंडी-ठंडी आइसक्रीम होंठों को छूए जाए तो कड़ी गर्मी के बावजूद ठंडी स्वाद के साथ जुबान पर हल्की नमी तो ही जाती है। अगर पसंद की बात की जाए तो सबकी पसंदीदा चीजों में शामिल है आइसक्रीम। गर्मी की शुरुआत होते ही गली-मोहल्लों से लेकर बड़े-बड़े होटलों तक इसका स्वाद उमड़ पड़ा है। इसे देखकर अब पार्लरों में भी कई फ्लेवर में आइसक्रीम दिलों को छू रहे हैं। कई लोग तो घर पर ही अपने आइस बॉक्स का इस्तेमाल कर फ्रूट वेज आइसक्रीम का मजा ले रहे हैं। आइसक्रीम पार्लरों में मौजूद आइसक्रीम के फ्लेवर हर युवा को लुभा रहे हैं। ब्वॉयज को कुकीज क्रीम और रम एंड रेजिन फ्लेवर ज्यादा पसंद आ रहे हैं, वहीं गर्ल्स का फेवरेट मैंगो, चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी फ्लेवर हैं। बच्चों और बुजुर्गों को ड्राई फ्रूट्स, बटर स्कॉच, केसर पिस्ता मैंगो क्रीम के फ्लेवर्स में खासी दिलचस्पी है।

### मौसम की तल्खी से लोग बेहाल

तल्ख धूप और गर्म हवा से लोग परेशान हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग दोपहर में जरूरी कार्य होने पर ही सिर और चेहरा ढंककर निकल रहे हैं। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसरा जा रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा है। गांवों में गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पेडों के नीचे बैठकर समय बिता रहे हैं लेकिन शहर में लोगों को गर्मी से बचाव का एकमात्र साधन शीतल पेय पदार्थों का सेवन करना है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में आइसक्रीम, तरबूज एवं खीरा की बिक्री बढ़ गई है। शहर में कई स्थानों पर तरबूज, गन्ने का रस आदि की दुकानें लगी हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग इनका सेवन कर रहे हैं। इसलिए इसकी मांग अधिक है। शनिवार को चिलचिलाती धूप व गरम हवा के कारण सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। कामकाजी लोग दिनभर पानी की तलाश में इधर-उधर घूमते रहे, ताकि पानी से गर्मी को कुछ देर के लिए शांत किया जा सके।

## सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सर्वोदय महिला परिषद सोमा संभाग के तत्वाधान में चल रहें सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन की संध्या बेला में श्री 1008 चंद्र प्रभुजी जिनालय छोटे मंदिर में प्रथम द्वितीय तृतीय भाग एवं छहढाल की परीक्षा हुई। उसमें प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। छोटे बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई साथ ही पुरस्कार भी बच्चों को दिए गए। सांगानेर से आए हुए भैया जी शास्त्री प्राशुक जैन गुना,शास्त्री आयुष जैन भोपाल ने बच्चों को बहुत धैर्य और प्रेम से पढ़ाया। जिसमें लगभग 80 बच्चों ने धर्म लाभ लिया। दोपहर 3 से 5 बजे तक महिलाओं ने रत्नकांड श्रावकाचार और द्रव्य संग्रह का अध्ययन किया। सहयोगी संस्था सकल दिगंबर जैन समाज सिरोंज महासमिति महिला मंडल पाठशाला परिवार सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 9 बजे से 12 बजे तक विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

33 केवी भैरो बाबा फीडर का लाईन मेन्टेंस के कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगी। बिजली विभाग के ए.ई सुशील समेले ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के काला बाजार, तलैया, हाथीथान, पटवा टोला, मंशापूर्ण कॉलोनी, दांगीपुर, पचकुईया, रावजी पथ, ढाल बाजार, चांदनी चौक, गांधी बाजार, गणेश अथाई, तहसील, अध्योध्या बस्ती, रॉयल सिटी लटेरी रोड, भोपाल रोड आदि स्थानों की विद्युत सप्लाई आज सुबह 9 बजें से दोपहर 12 बजें तक बंद रहेगी।

# पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के जन्मदिवस की पूर्व बेला में दूसरे दिन 471 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस की पूर्व बेला में आयोजित तीन दिवसीय वृहद रक्तदान शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ उनके 8 परिजनों ने ही रक्तदान करके किया। दूसरे दिन प्रातः 9 बजे से शुरू हुई रक्तदान की प्रक्रिया में शाम तक 471 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। 100 रक्तदाताओं ने शुरुआती दो घंटे में ही रक्तदान कर दिया। आज सागर जिले के अलावा दमोह जिले से भी रक्तदाता आए और 20 से अधिक महिला रक्त वीरांगनाओं ने भी रक्तदान किया। पूर्व मंत्री सिंह के परिजनों में वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह, अभिनव सिंह, वैभव सिंह, राज सिंह, अंकित सिंह, शुभांश सिंह, विशु सिंह, देवांश सिंह ने सबसे पहले रक्तदान की शुरुआत की। वृहद रक्तदान शिविर के दूसरे दिन रक्तदाताओं का उत्साह चरम पर दिखा। प्रात 9 बजे से 11 बजे तक ही सैकड़ों रक्तदाता दीपाली परिसर में रक्तदान कर चुके थे और यह निरंतरता देर शाम तक जारी थी। वृहद रक्तदान के लिए व्यवस्थाओं से सुसज्जित दूसरा हाल भी पूरी तरह भरा रहा। पूर्व मंत्री सिंह ने अपने संदेश में रक्तवीरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी व्यक्तिगत अनुपस्थिति में उनके सभी शुभचिंतकों ने और अधिक जवाबदेही से आयोजन में योगदान दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जन्मदिन को सार्थक आयोजन में परिवर्तित करने के लिए वे सभी का हृदय से धन्यवाद करते हैं। रक्तदान का महात्म्य बताते हुए सिंह ने कहा है कि देश में वर्षभर में 1.30 करोड़ यूनिट रक्त की



आवश्यकता होती है। जबकि हम सिर्फ 90 लाख यूनिट रक्त ही एकत्रित कर पाते है। यह वास्तव में चिंताजनक है। पर दुर्भाग्यवश हम में से अधिकांश को इसका आभास तभी होता है जब हमारा अपना कोई रक्त के लिए जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा होता है। रक्तदान करने पर आप किसी परिवार के लिए भगवान बन जाते हैं।

उन्होंने बताया कि एक बार रक्तदान से आप तीन व्यक्तियों को जीवन बचा सकते है। क्योंकि आपके द्वारा दान किए गये रक्त से रेड ब्लड सेल, प्लेटलेट्स व प्लाज्मा अलग किया जाता है। जोकि आवश्यकता अनुसार अलग अलग लोगों को चढ़ाया जाता है। सिंह ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष 80 हजार थैलेसीमिया से पीड़ति बच्चे जन्म लेते है। जिन्हें आजीवन खून की आवश्यकता पड़ती है। इससे पीड़ति बच्चों को महीने में दो बार रक्त चढ़ाया जाता है।

### एनसीसी दिवस को डीजी कमेंडेशन कार्ड पुरस्कार दिया गया

**सागर।** 7 मप्र बालिका बटालियन एनसीसी कार्यालय में ले. नेहा जैन जो कि एसवीएन यूनिवर्सिटी सागर के सहयोगी एनसीसी अधिकारी हैं उन्हें कैप्टन का रैंक लगाया गया एवं 24 नवम्बर को एनसीसी दिवस को डीजी कमेंडेशन कार्ड के पुरस्कार की घोषणा की गई थी जो शनिवार को प्रदान किया गया। यूओ रिया गर्ल्स पीजी कालेज सागर की एनसीसी कैडेट एवं एस यू ओ रिया अहिरवार शासन कला एवं वाणिज्य कालेज सागर की एनसीसी कैडेट जिसने आर डी सी 2024 में कर्तव्य पथ दिल्ली में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें एन सी सी निदेशालय म.प्र. एवं छ. को प्रस्तुत किया। महा विद्यालय द्वारा कैडेट के सरहायनी कार्य की प्रशंसा की गई एवं पुरुषकित किया गया। एनसीसी सागर के कमान अधिकारी कर्नल आदित्य जे पाल द्वारा प्रशंसा पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

### सेवा निवृत नवीन सक्सेना का किया गया सम्मान

**सागर।** गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की अभिनव श्रृंखला के अंतर्गत एमपीईबी से सेवा निवृत्त हुए नवीन सक्सेना का सम्मान समारोह मेडीकल कॉलेज रोड पर स्थित पंगत सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक हरिनारायण शुक्ला कोषाध्यक्ष श्यामलम रहे। अध्यक्षता डॉ यूएस पांडे ने की। रमाकांत मिश्रा शास्त्री, राजीव श्रीवास्तव, अभिलाष मिश्रा ने उद्बोधन दिया।

### लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राठी का निधन



**बरेली।** लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय राठी की अचानक मृत्यु हो गई। 35 वर्षों तक लायंस क्लब के माध्यम से सेवाकार्यो से जुड़े रहने वाले विजय राठी को श्रद्धांजली अर्पित करने डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल में सभा का आयोजन हुआ। श्रद्धांजली कार्यक्रम में दिलीप धारीवाल, वीरेन्द्र शर्मा, अंजलि जैन, शैलेन्द्र रघुवंशी, बिठ्ठलदास भूतडा, धर्मेन्द्र ठाकुर, डॉ. आरएस श्रीवास्तव, राजीव सराठे, माया भूतडा, पुष्पा धारीवाल, मुकेश प्रजापति इत्यादि ने स्व. विजय राठी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की। श्रद्धांजली कार्यक्रमों में लायंस क्लब के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# सरकारी आवास क्षतिग्रस्त व जर्जर स्थिति फिर भी परिवारों का निवास, हादसों का खतरा

बारिश पूर्व आवासों को मरम्मत की दरकार, सूने क्षतिग्रस्त आवास बन रहे नशेडियों के अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

दशकों पूर्व जिन सरकारी आवासों का निर्माण हुआ था। मरम्मत सुधार के प्रति उदासीनता और खाली जर्जर आवास अब कभी भी धराशाही होने की स्थिति में आ गए है। पिपरिया रोड़ चौराहे के आसपास, पुराने अस्पताल, एसडीएम कार्यालय के पीछे, बारना कालौनी एवं मार्केटिंग सोसायटी के सामने वाले जर्जर क्षतिग्रस्त आवास



नशा करने वालों के अड्डा बनने लगे है। अनेक आवास उनकी दयनीय हालात के बाद भी सरकारी कर्मचारियों के परिवारों द्वारा निवास किया जा रहा है। रहने लायक आवासों की बारिश से पूर्व मरम्मत कराये जाने की दरकार बनी हुई है। पुराने अस्पताल, बारना कालोनी एवं मार्केटिंग सोसाइटी के सामने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के आवास लंबे समय से खाली बने रहने से दिनोदिन उनकी स्थिति और अधिक खराब हो रही है। ऐसे आवास कभी भी धराशाही हो सकते है। विभिन्न स्थानों पर सरकारी कर्मचारियों के परिवार आवास अत्याधिक क्षतिग्रस्त जर्जर होने के बाद भी निवास कर रहे है।

आवास ग्रहों के उपर पन्नी डाल कर यहॉ वहॉ से क्षतिग्रस्त दीवारों को किसी प्रकार बारिश के दिनों में आवासग्रहों में पानी गिरने की परेशानियों भरी स्थिति में निवास करने मजबूर बने रहते है विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों, अधिकारी आवास ग्रहों की कमी और हालात खराब होने के कारण किराये के भवनों में यहां वहां निवास कर रहे हैं।

### सरकारी आवासों का हो निर्माण

जहॉ वर्तमान में तहसील, एसडीएम कार्यालय है, वही संयुक्त भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन हो चुका है। समीप ही पुरानी अदालत का दशकों पुराना जर्जर भवन और भूमि खाली पड़ी हुई है। पुराने सरकारी आवासों के आसपास भी हजारो वर्गमीटर खाली भूमियां पडी हुई है। इन सभी सरकारी खाली पडी भूमियों पर बहुमंजिला आवासग्रहों का निर्माण करवा कर विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की आवासीय समस्या को हल किया जा सकता है। अन्यथा धीरे-धीरे जर्जर क्षतिग्रस्त पुराने आवासों की महत्वपूर्ण कीमती सामग्री गायब हो सकती है।

शिकायतों की जा रही अनसुनी

# अतिक्रमण से मुक्ति का इंतजार कर रहा मुक्तिधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर

ग्राम आनंदपुर में तीन मुक्तिधाम हैं लेकिन इनमें से दो मुक्तिधाम पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है।

ग्रामवासी कई बार तहसील लटेरी में शिकायत कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। सरकार में बैठे नेता ही नहीं चाहते कि मुक्तिधाम अतिक्रमण से मुक्त हो। मुक्तिधाम को एक भ्रष्टाचारी धाम बना दिया है। अगर बरसात में किसी गरीब आदमी की मौत हो जाए तो उसका अंतिम संस्कार मुश्किल हो जाता है। आनंदपुर लटेरी तहसील का सबसे बड़ा कस्बा है। यहां की आबादी करीब 10 हजार है। ग्राम के कई लोगों द्वारा पंचायत भवन, पशु अस्पताल, समुदाय भवन पर कब्जा कर रखा है लेकिन न तो सरपंच ध्यान देते हैं न ही विधायक। अगर प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो ग्राम के लोगों को अनशन पर बैठना होगा। मुक्तिधाम में ही अनशन किया जाएगा। इसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी।

# सेवाभारती ने छात्रों के लिए लगाया कॅरियर मार्गदर्शन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सेवाभारती ने शिविर लगाकर छात्रों का मार्गदर्शन एवं सम्मान किया और कक्षा10वीं और 12वीं पास करने वाले बच्शों के लिए आगे की पढाई एवं केरियर चयन में भ्रम एवं दुविधा रहती है। नये कोर्स एवं जॉब के अवसरों की तर्कसंगत एवं पूर्ण जानकारी नहीं होने से छात्र गलत विकल्प चयन कर लक्ष्य से भटक जाते है। इस भटकाव से बचाने के लिए सेवा भारती बरेली ने केरियर मार्गदर्शन हेतु शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में अलग-अलग विषयों पर विशेषज्ञों को आमंत्रित किया। शास. बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार को आयोजित इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रारंभ में सेवा भारती नगर के बी.एच किरार ने छात्रों को मार्गदर्शन की आवश्यकता बताकर






नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया। वरिष्ठ शिक्षक पी.एस धाकड़ ने महाविद्यालयीन शिक्षा में विभिन्न विषयों के छात्रों को उपलब्ध विकल्प बताए। शिक्षक श्याम सुंदर ने व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त सफल व्यक्तियों के उदाहरण पेश किए। पॉलीटेक्निक कालेज के व्याख्याता हिमांशु राजपूत ने डिप्लोमा कोर्स एवं आईटीआई से स्किल्प सीखकर रोजगार प्राप्ती के गुर बतायें। स्वावलंबी भारत अभियान विदिशा विभाग के प्रमुख तरूण यादव ने देश की युवाशक्ति को सफल उद्धमियों के उदाहरण देते हुए आत्मनिर्भर बनाने के लिए आव्हान किया। गुरू कोचिंग के संचालक नीलेश सर ने अग्रिवीर सहित विहिभन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों को स्वीकार कर विभिन्न विभागों को उपक्रमों में नौकरियों से अवगत कराया। सेवा भारती मध्यभारत प्रांत के महामंत्री सुरेन्द्र सोलंकी ने सेवा भारती की गतिविधियों से परिचित कराया तथा सेवा कार्यो के लिए छात्रों को प्रेरित किया। नव नियुक्त डॉ. चरण सिंह ठाकुर ने अपनी सफलता के लिए कठिन परिश्रम को श्रेय दिया।

### छात्रों का सम्मान

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभाशाली छात्रों को व्यापार महासंघ एवं भारत इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स द्वारा शील्ड एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। इस आयोजन में सेवा भारती के दिनेश राजौरिया, व्यापार महासंघ अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, किशोर सिंह ठाकुर, सेवा भारती विदिशा विभाग समन्वयक राजेश भार्गव, अन्य शिक्षकों एवं पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सेवा भारती के राजकुमार ठाकुर, अवधनारायण सक्सेना, दिलीप राय, दिलीप राठौर, दिलीप शर्मा का सहयोग रहा।

# तेज आंधी से टूटे पेड़ उड़ी सौर उर्जा की प्लेटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तेज आंधी के साथ तूफान जैसी बनी स्थिति के कारण खरगौन के आसपास के अनेक ग्रामों में वृक्ष टूटने उखड़ जाने के साथ किसानों के खेतो में सौर उर्जा की लगी प्लेंटे भी उखड टूट कर दूर जा गिरी। सौ उर्जा की प्लेटें टूटने से किसानों की सिंचाई बंद हो जाने की नुकसानदायक स्थिति रही।

ग्राम खुरसुरू के किसान खेत सिंह पुत्र हरिराम रघुवंशी ने बताया कि तेज आंधी की प्राकृतिक आपदा के कारण उनके खेत में लगा & हास पावर का सौर उर्जा की पलेटे टूट और उड जाने से नुकसान हुआ। 6 सौर उर्जा की प्लेट दूर तक उड़ती चली गई। इसी प्रकार अन्य किसानों की कृषि सामग्री, घरों की खपरैल और पेडो के टूटने की नुकसानदायक स्थिति का सामना करना पड़ा।



खबर संक्षेप

## मेंटेनेंस के चलते आज 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

**सलामतपुर।** रविवार को 132 केवी सबस्टेशन आमखेड़ा एवं 33 केवी दीवानगंज लाईन में मेंटेनेंस के चलते सलामतपुर टाउन और आसपास क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। सलामतपुर सांची विद्युत वितरण कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 132 केवी आमखेडा एवं 33 केवी दीवानगंज लाईन का मेंटेनेंस किया जाएगा। जिसके कारण मेढ़की, मुड़ियाखेड़ा, सलामतपुर, रातातलाई, ढकना चपना, दीवानगंज, अम्बाड़ी, बेरखेड़ी चौराहा की भी सप्लाई रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक आठ घंटों के लिए बंद रहेगी। जिसकी वजह से सलामतपर डीसी अंतर्गत सभी फीडर की सप्लाई बंद रहेगी। इससे सलामतपुर कस्बे, दीवानगंज, मेढ़की, आमखेड़ा, कुलहाड़िया, बेरखेड़ी चौराहा, मुक्तापुर, रातातलाई, सोजना, गाडरखेड़ी सहित सम्पूर्ण क्षेत्रों की सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं जेई मनीष कुमार श्रीवास्तव ने सभी उपभोक्ताओं को समय से पूर्व अपने आवश्यक कार्य पूर्ण करने की अपील की है।

## मुस्काबाद रेलवे गेट पर खाद से भरी ट्रॉली पलटी

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी के गांव मुस्काबाद के पास जैविक खाद लेकर जा रही ट्रॉली मुस्काबाद रेलवे गेट पर अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली का कच्चे रास्ते पर गड्ढे में पहिया आ जाने के कारण ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि की इससे किसी को कोई चोट नहीं आई। बता दें कि रात के समय रोड सुनसान था इसलिए कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। अगर दिन का समय होता तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है। बड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से ट्राली को सीधा किया गया।

## छात्रावासों में कोचिंग कार्य हेतु 15 जून तक आवेदन

**रायसेन।** जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासों में वर्ष 2024-25 कोचिंग कार्य के लिए विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के आवेदन जिला कार्यालय जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण विभाग रायसेन में आमंत्रित किए गए हैं। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि जिला एवं ब्लॉक कन्या/ बालक उत्कृष्ट महाविद्यालय, एससी/ एसटी छात्रावासों में वर्ष 2024-25 में कोचिंग कार्य के लिए निर्धारित विषयों के विशेषज्ञ जो 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हो, वह अपने आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग रायसेन के कक्ष क्रमांक-52 में जमा कर सकते हैं। जिला एवं विकासखण्ड महाविद्यालय छात्रावासों में अंग्रेजी कोचिंग के लिए स्नातक, स्नाकोत्तर उत्तीर्ण शिक्षक एवं उत्कृष्ट संस्थानों में कम्प्यूटर कोचिंग हेतु पीजीडीसीए एवं उच्च परीक्षा उत्तीर्ण प्रशिक्षक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। शासकीय एवं अशासकीय/प्राईवेट शिक्षक कोचिंग कार्य हेतु अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

### तेंदुए का भी लगातर देखा जा रहा मूवमेंट, कैमरे में भी हुआ कैद

# सावधान! रायसेन शहर की तरफ हुआ बाघ का रुख, बाघ के पगमार्ग भी मिले

*जब से बाघ को इंसानी खून मुंह लगा है, तब से शायद बाघ को जंगल में रहना रास नहीं आ रहा है, ऐसा*



*इसलिए कह रहे हैं क्योंकि बाघ का मूवमेंट अब रायसेन शहर की तरफ हो चला है। ऐसे में अब आम लोगों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। वहीं वन विभाग ने भी मुनादी कराकर सतर्क रहने एवं तेंदुपत्ता तोड़ने जाने वाले लोगों को जंगल में जाने से मना कर दिया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आम लोग जहां पहले से तेंदुए के डर के साए में जी रहे थे, वहीं अब बाघ की इंट्री से लोगों की दहशत बढ़ गई है। विगत दिनों बाघ द्वारा व्यक्ति मनीराम पर हमलाकर शिकार कर लिया था, जिस घटना से ग्रामीणों के साथ ही अब शहरवासियों में भी डर का माहौल बनने लगा है। क्योंकि बाघ का मूवमेंट पर शहर की ओर हो चला है। विगत दिनों बाघ का मूवमेंट सीता तलाई की पहाड़ी पर देखा गया था, लेकिन शुक्रवार की रात में चिकनी घाटी पर वन विभाग को बाघ के पग मार्क मिले है।



बाघ को पकड़ने लगाए पिंजरे

### वन विभाग ने किले पर लगाए कैमरे में तेंदुआ हुआ कैद

*रायसेन किले पर वन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे में बीती रात तेंदुआ का मूवमेंट कैद हुआ है। इन दिनों शहर के आसपास पहाड़ियों पर बाघ और तेंदुआ लगातार घूम रहे हैं। वन विभाग के अनुसार रायसेन वन परिक्षेत्र में करीब 5 बाघ हैं और 15 से ज्यादा तेंदुए। एसडीओ ने बताया कि किला पहाड़ी पर लगे कैमरे में बीती रात एक तेंदुआ का मूवमेंट कैद हुआ है, जबकि बाघ के पगमार्ग चिकनी घाटी पर मिले हैं। वन विभाग द्वारा लगातार सर्चिंग की जा रही है।*



### वन विभाग की तीन टीम लगी बाघ की सर्चिंग करने में

वन विभाग द्वारा बाघ की सर्चिंग करने में तीन टीमों के साथ ही डीएफओ एवं एसडीओ भी टीम के साथ सर्चिंग में लगे हुए है। वहीं करीब 45 से ज्यादा कैमरों से भी बाघ पर नजर रखी जा रही है। हालांकि इन कैमरों में अभी तक बाघ का मूवमेंट तो कैद नहीं हो पाया है, लेकिन किले पर लगे कैमरे में तेंदुआ जरूर कैद हुआ है। इसके साथ ही बाघ को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर पिंजरे भी लगाए गए है।

### तेंदूपत्ता तोड़न हेतु जंगल में नहीं जाने कराई मुनादी

वन विभाग द्वारा शहर के वार्ड एक नरापुरा सहित आसपास के क्षेत्र में एलाउंसमेंट के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है। साथ ही तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले लोगों को भी जंगल की ओर जाने से मना किया जा रहा है। वार्ड-1 नरापुरा में 2 दिन पहले रात के समय बाघ की दहाड़ने की आवाज भी स्थानीय लोगों को सुनाई दी थी।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है रात के समय में अपने घरों से बाहर न निकलें आवश्यक होने पर अपने साथ बचाव के लिए कोई साधन जरूर साथ लेकर चले।

### तेंदूपत्ता तोड़ रहे युवक पर तेंदुए ने किया हमला, शोर मचाकर बचाई जान

रायसेन के पूर्व वन परिक्षेत्र अमरावद के जंगल में शनिवार शाम को तेंदूपत्ता तोड़ने गए युवक पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। युवक ने हिम्मत दिखाते हुए तेंदुए को धक्का दिया और शोर मचाया। आवाज सुनकर परिजन पहुंच गए और तेंदुआ वहां से भग गया। घायल युवक को वन विभाग ने जिला अस्पताल पहुंचाया।

अमरावद निवासी विनोद सिंह शनिवार को परिजनों के साथ जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। झाड़ियों में बैठे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। एक पंजा मुंह और दूसरा छाती पर लगा। घायल विनोद ने चिल्लाते हुए तेंदुआ को धक्का देकर दूर किया। चीख सुनकर परिजन भी आ गए, जिससे तेंदुआ भाग निकला।

पूर्व वन परिक्षेत्र के रेंजर प्रवेश पाटीदार ने बताया- विनोद शनिवार को परिजनों के साथ अमरावद के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। तेंदुआ ने विनोद पर हमला कर दिया। विनोद को हल्की चोट आई है, जिला अस्पताल इलाज करवाया गया है।

### हादसे की नहीं किसी को जानकारी

## ऑटो अनियंत्रित होकर रोड से नीचे उतरकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बेरखेड़ी चौराहा के पास वेयरहाउस के सामने शुक्रवार को एक बैटरी ऑटो रोड से नीचे उतरकर झाड़ियों में पड़ा हुआ दिखा। हालांकि यहां ऑटो किसका कैसे रोड से नीचे उतरकर झाड़ियों में पहुंचा है। इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। बैटरी ऑटो के संबंध में किसी ने कोई भी शिकायत नहीं की है और ना ही पुलिस को सूचित किया है।

बैटरी ऑटो वहां पर कैसे पहुंचा उसमें कितने लोग सवार थे, किसी को चोट लगी है कि नहीं लगी है यह जानकारी अभी तक किसी को मालूम नहीं है।



बता दे की भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर 10 किलोमीटर के अंदर एक सप्त भी नहीं हुआ कि 6 दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें दो ट्रक, एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलटे, एक ट्रक ने चार अन्य वाहनों को टक्कर मारी। वही अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मारी जिसमें एक घायल और एक की मौत हो गई थी।

### चोरों ने सूने घर का उठाया फायदा

## ताले तोड़ लाखों के माल पर चोरों ने किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

शुक्रवार देर शाम वार्ड 11 के निवासी शिक्षक सुनील कुमार जैन के सूने मकान में अज्ञात चोरों ने लाखों के आभूषण सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। नन्दनी नगर में देर शाम घटित हुई इस चोरी की वारदात से इलाके में सनसनी व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार नगर के बार्ड क्रमांक 11 में रहने वाले शिक्षक सुनील कुमार जैन देर शाम 9.30 बजे अपने घर पर ताला डाल कर घूमने निकले थे। इसी वीच शिक्षक जैन के घर अज्ञात चोरों ने धावा बोल कर अलमारी में रखे लगभग 3 किलो चांदी, एक चेन, एक अंगूठी सहित नगदी 30 हजार रुपये पर हाथ साफ कर दिया। वारदात की सुनील कुमार द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस मामले में पुलिस सक्रिय होकर जांच मे लगी हुई है।



खास बात यह है कि शिक्षक सुनील जिस इलाके में निवास करते हैं वह सम्पन्न एवं पॉश कॉलोनी के नाम से जाना जाता है, जहां शाम 9.30 बजे चोरों ने वेखोफ होकर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**रायसेन।** मध्यप्रदेश की समस्त शासकीय तथा अशासकीय आईटीआई में विभिन्न व्यावसायिक पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से अपने स्तर अथवा ऑनलाईन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल 20 मई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। आईटीआई में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। समस्त इच्छुक आवेदक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करें। रायसेन जिले की 06 शासकीय आईटीआई रायसेन, मंडीदीप, देवरी, गैरतगंज, बेगमगंज एवं सिलवानी में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदाय किया जाता है। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी डीएसडी पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये नजदीकी आईटीआई में संपर्क किया जा सकता है।

### विद्युत वितरण कंपनी ने की सावधानी बरतने की अपील

## सावधानी हटते ही कंरट से हो सकती हैं दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नागरिकों को आगाह किया है कि जरा सी असावधानी करंट से बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए आमजन करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करें एवं बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर रखें। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हों, तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें।

आमजन विशेष रूप से ध्यान दें कि यदि जमीन पर बिजली के तार टूटे पड़े हैं, तो उन तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें साथ ही उनके ऊपर से निकलने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों, जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पीवीसी पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे, स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। करंट से सावधानी जरूर बरतें, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना न घटे। हमारी सावधानी ही करंट से बचाव करने में सहायक है।

विद्युतकंपनी ने कहा है कि बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे , स्टे वायर इत्यादि से न बांधें। कपड़े सुखाने के लिये जीआई तार अथवा रस्सी, सर्विस लाईन के पाईप या बिजली के खम्बों से कभी न बांधें। इसमें करंट आने की संभावना बनी रहती है।

## एडमिशन फीस का चार्ट किया जारी

### शासकीय महाविद्यालय में एडमिशन प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही शिक्षण संस्थाओ के द्वारा गांव गांव जाकर अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर उनके बच्चों का एडमिशन उनके संस्थन में कराए जाने का आग्रह किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के शासकीय महाविद्यालय में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी है, प्रबंधन ने बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए कें विभिन्न विषयों में प्रवेश लेने व उच्च शिक्षा विभाग की योजना का तय मापदंड के तहत लाभ लेने का आग्रह किया है।

बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर शासकीय महाविद्यालय सिलवानी का एडमिशन फीस चार्ट जम कर वायरल हो रहा है जिसमे फीस का निर्धारण किया गया है, जिसके तहत बीए कक्षा में प्रवेश लेने पर 2 हजार 1 सौ 12 रुपए जमा करनी होगी। इसी तरह बीकॉम 2 हजार 87 रुपए, बीएससी 2 हजार 2 सौ 57 रुपए, एमए व एमकॉम की फीस क्रमशः 1 हजार 9 सौ 57 रुपए निर्धारित की गई है। साथ ही छात्रवृति, गांव की बेटी योजना, आवस सहायता योजना का लाभ शासन के अनुसार मिलने का उल्लेख भी किया गया है।

### 600 सीटों का किया जाएगा आवंटन

*नगर के शासकीय महाविद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए एडमीशन प्रक्रिया प्रारंभ है। कॉलेज प्रबंधन ने प्रवेश के इच्छुक छात्र छात्राओ से प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने का आगह किया है। शासकीय महाविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीए, बीकॉम, बीएससी, एमए कें विभिन्न विषयो के लिए एडमीशन दिया जा रहा हैं। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्याम साहू व प्राचार्य डा. बीडी खरवार ने बताया कि उक्त कक्षाओं के लिए करीब 6 सौ सीटो का आवंटन किया गया है। जिसके लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है।*

*कॉलेज प्रबंधन ने छात्र छात्राओ से शीघ्र ही विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश लेने का आग्रह किया है। बताया जा रहा है कि अभाविप के द्वारा भी शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत कार्यकर्ता गांव गांव पहुंचकर अभिभावकों एवं छात्र छात्राओ से संपर्क स्थापित कर एडमीशन लेने प्रेरित कर रहे हैं।*

### पेयजल समस्याओं के लिए संचालित है कंट्रोल रूम

**रायसेन।** जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में गर्मी में लोगों को सुचारू पेयजल वितरण कराने के लिए कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा ई-पीएचई सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही पेयजल संबंधी समस्याओं की सूचना प्राप्ति और त्वरित समाधान के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट भवन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम संचालित है, जिसका सम्पर्क नम्बर 9329305437 है। कंट्रोल रूम में शिकायत पंजी संधारित कर प्राप्त शिकायतों को उसमें दर्ज कराते हुए निराकरण हेतु संबंधितों को अवगत कराया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा हैण्डपम्प खराब होने की शिकायतों का 24 घण्टे में तथा ट्यूबवेल में मोटर डालने संबंधी शिकायतों का दो दिन में निराकरण कराने निर्देश दिए हैं।

## सीएम राइज विद्यालय में समर कैंप 2024 का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर के सीएम राइज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तीनों कैम्प्स में एक मई 24 से आयोजित किए गए समर केम्प का 17 मई को समापन किया गया है। समर कैंप में विद्यार्थियों की रचनात्मकता सृजनशीलता, कला आदि कौशलो के विकास को देखते हुए अनेक गतिविधिया संचालित कराई गई। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेल, योग, नृत्य, संगीत, चित्र कला, गायन, वादन आदि गतिविधियों में भाग लिया एव अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए शिक्षको के मार्ग दर्शन में सर्वश्रेष्ठता को प्राप्त किया।




कैंप के अंतिम दिवस 17 मई को सभी छात्राओ एवं पालको को आमंत्रित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित कर कैंप का समापन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य सुनील कुमार रजक, डा एके सोनी, दीपक राज श्रीवास्तव, मनोज मालवीय, अरविंद गोर, विपिन गुप्ता, स्टाप सहित छात्राए ज्योतिका त्रिवेदी, गुनगुन शर्मा, सना अली सहित अनेक उपस्थित रही।

### 30 मई को किया जाएगा समापन

## कबड्डी, व्हालीबॉल में पारंगत हो रहे 50 स्कूली विद्यार्थी

◆ सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान पर किया जा रहा समर कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन किया जाता है, ताकि स्कूली बच्चे विभिन्न विधाओ में पारंगत हो सके। इसी कड़ी में नगर के सीएम राइस स्कूल के खेल मैदान पर समर कैंप 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका समापन 30 मई को होगा।

खेल युवा कल्याण विभाग के बैनर तले ग्रामीण युवा केंद्र के द्वारा ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेठ अमरचंद्र समैया सीएम राइज स्कूल के खेल मैदान पर किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले समर कैंप में कबड्डी तथा व्हालीबाल खेल में स्कूली बच्चे को पारंगत किया जा रहा है। युवा समन्वयक, खेल षिक्षक कमलेश जाटव ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप में कबड्डी तथा व्हॉलीबाल की विधा में स्कूली बच्चो को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सुबह व शाम के समय की दो पाली में समर कैंप आयोजित किया जा रहा है।



### नौपता के दौरान तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना

## लोगों को लू के प्रकोप से बचाव के लिए मौसम विभाग ने बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय मौसम विभाग ने चल रहे मौसमी दृष्टिकोण को देखते हुए प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में अप्रैल-मई का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना व्यक्त की है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मौसम विभाग ने लू के प्रभाव, लक्षण और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी है। गृह विभाग के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने इस संबंध में प्रदेश स्तर पर विभिन्न विभागों और जिलों को आवश्यक कार्वाई के लिये निर्देश जारी किये है।

सूर्य दाह, ताप के कारण शारीरिक ऐठन, अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव, ताप-दाह स्थिति निर्मित हो सकती है। इसके लक्षणों में त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द, पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ, शरीर में ऐंठन और अत्यधिक पसीना आना, अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर गीला और ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना, अत्यधिक बुखार, अत्यधिक गर्म एवं सूखी त्वचा, तेज नब्ज और बेहोशी हो सकती है।



### इसके लिए सलाह

*पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें।जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।*

### लू से बचाव के लिए सावधानी अपनाने की दी गई सलाह

*राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लू से जन-सामान्य के बचाव के लिये समस्त जिला प्राधिकरणों तथा लू प्रबंधन से संबंधित समस्त विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित लू के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिये हैं।*

लू से बचाव संबंधित जन-जागृति कार्यक्रमों का आयोजन करें। लू संबंधित बीमारियों एवं खतरों से जन-सामान्य के बचाव के लिये स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही किये जा रहे कार्यों के संबंध में नियमित प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाये। लू से बचाव के लिये अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबंधित सुझाव का

### बचाव के प्राथमिक उपचार

*प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए, यदि फफोले निकल आएं हों, तो स्टरलाइज, ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श तत्काल लें, प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं, ऐठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं, यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं, प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे एवं गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र पर ले जाएं।यह अत्यंत चिंताजनक एवं चिकित्सा की दृष्टि से आपात स्थिति है। तत्काल 108 वाहन को बुलाएँ और प्रभावित को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराएँ। एम्बूलेंस आने तक प्रभावित व्यक्ति को वातानुकूलित स्थान पर ले जाएँ।*